
नि:शुल्क कोचिंग कक्षाये
Scholarship
प्रतियोगिता दक्षता परियोजना
क्रैश कोर्स
उद्घाटन
रजिस्ट्रेशन

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा

क्रमांक :– एफ ( )स्था / राकमना / 2019 / 1510 दिनांक :– 11.02.2019

डॉ. सुधा राठी,
प्रभारी अधिकारी,
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान,
जयपुर।

विषय :– प्रतियोगी परीक्षा निःशुल्क कक्षाओं में संकाय सदस्यों द्वारा स्वैच्छा से दी गई सहमति की सूचना भेजने बाबत्।

महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय के निम्नलिखित संकाय सदस्यों द्वारा निःशुल्क कक्षाओं में स्वैच्छा से कोचिंग देने की सहमति प्रदान की गई है।

| क्र सं | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. पुष्पा सुखवाल | मुगलकालीन भारत का इतिहास (बाबर एवं हुमायू) |
| 2. | डॉ. पुनिता चोर्डिया | सामान्य विज्ञान |
| 3. | डॉ सागर सांवरिया | आधारभूत संख्यात्मक दक्षता |
| 4. | श्रीमती कविता पारुलकर | सामान्य अंग्रेजी |
| 5. | श्री भगवान सहाय शर्मा | मानसिक योग्यता |
| 6. | श्री सुरेश सैनी | सामान्य हिन्दी |
| 7. | श्री आशीष शर्मा | समसामायिक घटनाएं |

भवदीया

[signature]

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
नाथद्वारा

# कार्यालय प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा (राज0)

क्रमांक :- एफ () राकमना /स्था /19 / 1316 दिनांक - 18/1/2019

## कार्यालय आदेश

आयुक्तालय के पत्र क्रमांक CCE/Acad/IDSC/Free Coaching /2019/539 दिनांक :- 16-01-2019 की अनुपालना में महाविद्यालय में प्रतियोगी दक्षता परियोजनान्तर्गत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं आरम्भ करवाने के प्रयोजनार्थ निम्नानुसार समिति गठित की जानी है।

1. डॉ पुनीता चोरडिया – समन्वयक
2. डॉ विनीता लबानिया – सह समन्वयक
3. डॉ सागर लाल सांवरिया - सह समन्वयक
4. श्री आशीष शर्मा - सह समन्वयक
5. श्रीमती कविता परुलाकर – सदस्य
6. श्री भगवान सहाय शर्मा – सदस्य
7. श्री सुरेश सैनी - सदस्य

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
नाथद्वारा(राज.)

0/L

# राजकीय कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा राजसमन्द

## प्रतियोगिता दक्षता हेतु निशुल्क कोचिंग कक्षाएं

महाविद्यालय में दिनांक 21.01.2019 को पंजीकरण सत्र में छात्राओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसके लिए समाचार-पत्र,नोटिस बोर्ड तथा कक्षाओं में प्रचार-प्रसार किया गया था I

छात्राओं में सर्वाधिक रुझान पी.टी.ई.टी. परीक्षा की तैयारी के लिए रहा जिसमे 143 छात्राओं ने पंजीकरण करवायाI कुल 148 पंजीकृत छात्राओं में से मात्र RAS हेतु 01, SSC हेतु 02 तथा REET हेतु 02 ने ही पंजीकरण करवाया I

प्रात: 10 बजे से 02 बजे तक समय सारणी में छात्राओं को निर्धारित कक्ष संख्या 16 में हिंदी, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, तार्किक प्रशिक्षण के साथ ही सामान्य ज्ञान में राजनीति विज्ञान, इतिहास तथा समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग प्रदान की जा रही है I

ह.प्रभारी

कार्यालय प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा (राज0)

क्रमांक :- एफ () राकमना /स्था /18 / दिनांक :- 20.1.19

# प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम के अंतर्गत नि: शुल्क कोचिंग हेतु समय सारणी

## PTET समय सारणी :- प्रात: 10.00 से 02.00 बजे तक

| समय | विषय | ROOM NO. |
|---|---|---|
| 10.00 – 11.00 | शिक्षण अभिवृती | 16 |
| 11.00 – 12.00 | हिंदी / अंग्रेजी | 16 |
| 12.00 – 01.00 | सामान्य ज्ञान | 16 |
| 01.00 – 02.00 | तार्किक योग्यता | 16 |

## RAS समय सारणी :- प्रात: 10.00 से 02.00 बजे तक

| समय | विषय | ROOM NO. |
|---|---|---|
| 10.00 – 11.00 | विज्ञान | 15 |
| 11.00 – 12.00 | कला एवं संस्कृति इतिहास | 15 |
| 12.00 – 01.00 | सामान्य ज्ञान | 16 |
| 1 .00 – 2.00 | तार्किक योग्यता | 16 |

- इच्छुक छात्राऐं समय पर उपस्थित रहकर लाभान्वित होवें

नवाचार समिति व प्रति० दक्षता प्रभारी
प्रतीक
31.8.19.

## आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद / आकाशि / कोचिंग / 2019 / 313 दिनांकः 30अगस्त, 2019.

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषयः विषय **"प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम"** के तहत निःशुल्क कोचिग कक्षाओं के संबंध में।

महोदय,

निःशुल्क कोचिग कक्षाओं के संबंध में आयुक्तालय के पत्रांक एफ 7(4)अकाद / आकाशि / कोचिंग / 2019 / 237–44 दिनांक 30.07.2019 के द्वारा आपको अगस्त माह की विषयवार समय सारणी भिजवाई गई थी। आयुक्तालय स्तर पर निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की प्रगति की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि अगस्त माह के लिए भिजवाई गयी विषयवार समय सारणी के अनुसार कक्षायें आयोजित की जा रही है। उक्त के क्रम में माह सितम्बर के लिए अंग्रेजी, भारत का इतिहास, राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति, भूगोल एवं तार्किक शक्ति विषयों की विषयवार समय सारणी भिजवाई जा रही है।

अनुरोध है कि सितम्बर माह के लिए भिजवाई जा रही समय सारणी के अनुसार निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का संचालन निर्बाध एवं प्रभावी रूप से किया जायेगा। प्रतियोगी कक्षाओं के लिए पूर्व प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक सप्ताह सूचना भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

30/8/2019

**(प्रदीप कुमार बोरड़ )**
**आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं**
**विशिष्ट शासन सचिव,उच्च शिक्षा,**
**राजस्थान, जयपुर**

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद / आकाशि / कोचिंग / 2019 / 313 दिनांकः 30 अगस्त, 2019

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राज., जयपुर।
5. सहायक निदेशक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान।
6. वेबसाइट प्रभारी, आयुक्तालय। कृपया पत्र को अपलोड़ करने का श्रम करें।
7. रक्षित पत्रावली।

प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम
- निःशुल्क कोचिंग कक्षाएँ -

दैनिक भास्कर उदयपुर, शनिवार 19 जनवरी, 2019

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग 21 से

**नाथद्वारा** | राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग कक्षाएं 21 जनवरी से शुरू होगी। प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने बताया कि दक्षता परियोजना के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय के प्राचार्यों की और से निशुल्क कोचिंग दी जाएगी।

**राजस्थान पत्रिका** . उदयपुर, शनिवार, 19 जनवरी, 2019

## निशुल्क कोचिंग कक्षाएं लगेगी

नाथद्वारा. कन्या महाविद्यालय में राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी प्रतियोगिता दक्षता परियोजना के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी को लेकर महाविद्यालय में सोमवार प्रातः 10से दोपहर 2 बजे तक तीन सप्ताह का क्रेश कोर्स प्रारम्भ किया जायेगा।

# 'प्रतियोगिता दक्षता' कक्षाओं की शुरुआत

**जयपुर** • प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब शिक्षा विभाग ऐसे विद्यार्थियों के लिए कोचिंग क्लासेज की व्यवस्था करने जा रहा है। इसके लिए ई-क्लासेज की शुरुआत की जाएगी। उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने शिक्षा संकुल स्थित राजस्थान संगीत संस्थान में बने ई-स्टूडियो में कोचिंग क्लासेज 'प्रतियोगिता दक्षता' की शुरुआत की। कॉलेज शिक्षा आयुक्त प्रदीप कुमार बोरड़ ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के इस कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में राज्य के 40 महाविद्यालयों में ई-कक्षा/ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से लाइव प्रसारण के जरिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। बाद में राज्य के सभी 252 महाविद्यालयों में इसे चरणबद्ध लागू किया जाएगा।

## मंत्री ने किया दक्षता परियोजना का उद्घाटन

# कॉलेजों में अगले सत्र से लड़कियों को निःशुल्क शिक्षा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. उच्च शिक्षा राज्यमंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में अगले सत्र से लड़कियों को निःशुल्क शिक्षा मिलेगी। निःशुल्क बालिका शिक्षा को सभी स्तरों पर लागू कर दिया जाएगा। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र यह वादा किया था। भाटी शनिवार को राजस्थान संगीत संस्थान में प्रतियोगिता दक्षता परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने चुनाव से दो महीने पहले कॉलेज खोल दिए पर जमीन नहीं दी। इन कॉलेजों को ठीक प्रकार से शुरू करना ही पहली प्राथमिकता रहेगी। कॉलेजों की जमीन आवंटन के लिए संबंधित जिला कलक्टरों को पत्र भी लिख दिए हैं। वित्त विभाग से बजट के संबंध में भी बातचीत की जा रही है।

**चार लाख विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग व किताबें :** भाटी ने कहा कि 252 सरकारी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ई-स्टूडियो से प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। शुरुआत 40 कॉलेजों के छात्र-छात्राओं से की जाएगी। एक माह के भीतर सभी 252 महाविद्यालयों में 'प्रतियोगिता दक्षता' परियोजना को लागू कर दिया जाएगा। नियमित कक्षाओं के समानान्तर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं लगाई जाएंगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कॉलेजों के शिक्षक ही कराएंगे। उच्च शिक्षा विभाग के शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि 26 जनवरी से कॉलेजों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कॉलेज आयुक्त प्रदीप बोरड़ ने बताया कि वे स्वयं आइएएस, आरएएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ई-कोचिंग देंगे। पहले दिन उन्होंने ई-क्लास के माध्यम से छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया।

## ये भी बोले भाटी

- महाविद्यालयों में 'आंतरिक शिकायत' समितियों का गठन होगा।
- सभी राजकीय कॉलेजों में 'विद्यार्थी परामर्श केन्द्र' बनेंगे।
- कॉलेजों में उद्यमिता और रोजगार आधारित पाठ्यपुस्तकों पर जोर रहेगा।
- महाविद्यालयों में 'केम्पस प्लेसमेंट' की व्यवस्था लागू करेंगे।

# ई-स्टूडियो से अब 40 सरकारी कॉलेजों में मिलेगी फ्री कोचिंग

**जयपुर**| उच्च शिक्षण संस्थानों में आंतरिक शिकायत' समितियों का गठन किया जाएगा और हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट इसकी निगरानी रखेगा। सभी सरकारी कॉलेजों में 'विद्यार्थी परामर्श केन्द्र' स्थापित किए जाएंगे ताकि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ भविष्य के लिए रोजगार मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सके। उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने शनिवार को शिक्षा संकुल में ये जानकारी दी। उन्होंने संकुल स्थित कॉलेज आयुक्तालय के 'ई-स्टूडियो' से प्रदेश के 40 महाविद्यालयों में निशुल्क कोचिंग कक्षाओं की 'ई-क्लासेज' की शुरुआत की।

भाटी ने कहा कि राज्य सरकार के जन घोषणा पत्र में महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग की बात कही गई थी। इसकी आज 40 कॉलेजों से शुरुआत कर दी गई है। प्रयास रहेगा कि आगामी एक माह के अंदर-अंदर प्रदेश के सभी 252 महाविद्यालयों में 'प्रतियोगिता दक्षता' परियोजना को चरणबद्ध लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में उद्यमिता और रोजगार आधारित पाठ्यपुस्तकों पर जोर रहेगा। हम महाविद्यालयों में नियोक्ता एजेंसियों को बुलाकर 'कैम्पस प्लेसमेंट' की व्यवस्था भी करेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि विद्यार्थियों को अच्छी 'ई-सामग्री' भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुदूर स्थानों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को बाजार में उपलब्ध बेहतर से बेहतर पाठ्य सामग्री 'ई-क्लासेज' के जरिए दी जाएगी।